एक नजर में

अरबाज ने मिस्टर इंडिया का जीता खिताब

इंदौर . इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में पंजाब एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग संगठन द्वारा 15वीं में सीनियर, विमेंस, फिटनेस, वूमेन मॉडल, फिजिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन लुधियाना के अंबेडकर हाल में संपन्न हुआ . बॉडीबिल्डिंग के इतिहास में प्रथम बार मध्य प्रदेश को ओवरआल चैंपियन ऑफ चैंपियन मिस्टर इंडिया की उपलब्धि प्राप्त हुई . 27 प्रदेशों के 245 शरीर साधकों को पछाड़ते हुए मध्य प्रदेश टीम की और से नीमच के अरबाज खान ने फेडरेशन कप एवं एक लाख के प्राइज पर कब्जा जमा कर श्रेष्ठता सिद्ध की . वही प्रदीप ठाकुर ने 90 किलो ग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल और अफराज खान ने मेंस फिजिक में ब्रॉन्ज मेडल पर अधिकार सिद्ध किया . पुरस्कार वितरण वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग ऐंड फिजिक फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी चेतन पठारे, इंडिया बॉडीबिल्डर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी रमेश, पदमश्री प्रेमचंद ढींगरा ने किया . इस अवसर पर आई बीबीएफ के जॉइंट सेक्रेटरी व राज्य संस्था के ससहिव अतिन तिवारी, राज्य कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र व्यास, इंटरनेशनल रेफरी रोहित जेठवा विशेष रूप से उपस्थित थे . स्वर्णिम उपलब्धि पर राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कुशवाहा ,समीर व्यास दिनेश पालीवाल आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की .

एनसीसी के प्रशिक्षण शिविर में विशेष व्याख्यान

इंदौर . वन मध्यप्रदेश गर्ल्स बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में बुधवार को महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं सामाजिक माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग विषय पर एक विशेष जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया . कार्यक्रम में अधिवक्ता तनुज दीक्षित को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, उन्होंने साढ़े पाँच सौ से ज्यादा कैडेट्स को पोश एक्ट, पॉस्को एक्ट, सोशल मीडिया सुरक्षा और कानूनी उत्तरदायित्व जैसे विषयों को अवगत कराया . अपने उद्बोधन में अधिवक्ता दीक्षित ने कहा कि आज का युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी शक्ति है, किन्तु बदलते तकनीकी परिवेश में उसे अनेक नई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है . सामाजिक माध्यमों का दुरुपयोग, साइबर ठगी, फर्जी पहचान, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा निजी जानकारी का अनधिकृत प्रसार जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं ।ऐसे समय में कानूनी जागरूकता और डिजिटल सतर्कता प्रत्येक नागरिक के लिए अनिवार्य हो गई है . उन्होंने महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों, बालकों एवं बालिकाओं को लैंगिक अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाले कानूनों तथा साइबर अपराधों के विरुद्ध उपलब्ध विधिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी . व्याख्यान के दौरान कैडेट्स के साथ संवादात्मक चर्चा भी हुई, जिसमें साइबर सुरक्षा, व्यक्तिगत गोपनीयता, सामाजिक माध्यमों पर आचरण तथा कानूनी अधिकारों से जुड़े अनेक प्रश्नों का समाधान किया गया . इस अवसर पर कर्नल टी . एन . सिंह, मेजर एकता जायसवाल, एएनओ, जीसीआई, पीआई स्टाफ तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स उपस्थित रहे .

हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

इंदौर . महंत मंगल दास महाराज खाकी ने कहा कि श्री हनुमान चालीसा का पाठ हर समय कहीं ना कहीं होता है . इसका सामूहिक पाठ करने से बिगड़े काम संवरते है . हनुमानजी के साथ शनिदेव भी प्रसन्न रहते है . श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ प्रति मंगलवार और शनिवार को करने से कई गुणा अधिक फल मिलता है . प्रवीण जोशी ने बताया कि नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मँदिर पर श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होता है, जिसमे युवाओ की संख्या सर्वाधिक होती है . समापन प्रसादी से होता है .

सरोकार साझा मंच का मासिक आयोजन

इंदौर . सरोकार साझा मंच का मासिक आयोजन चोटी वाला रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ . आयोजन की मेजबानी निर्मला बागोरा एवं कविता मेहता ने की . आयोजन तीन रोचक विषयों पर केंद्रित रहा . मेरी प्रिय पत्रिका/पुस्तक- जिसमें कृष्णा जोशी ने भगवद गीता, डॉ अर्चना त्रिवेदी ने अमृतलाल नागर की नाच्यो बहुत गौपाल, सुरभि शुक्ला ने आपका बंटी और मृदुला शर्मा ने साहित्यिक पुस्तकों विचार साझा किए . रेखा शर्मा ने पारिवारिक जिम्मेदारियों में छुपे आकर्षक व आनंद की व्याख्या की . आरती तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये . सरोकार साझा मंच की अध्यक्ष महिमा शुक्ला ने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक अतीत को समझने के लिए रामधारी सिंह दिनकर की संस्कृति के चार अध्याय पर विचार साझा किए . करूणा प्रजापति ,डॉ इंदु जैन, संगीता चौहान और माधुरी निगम ने बढ़ते बच्चों के साथ सामंजस्य/ अपग्रेड होना कितना जरूरी, कितना मुश्किल ? पर विचार व्यक्त किए . गायत्री शर्मा,अंजु मोटवानी, डॉ विद्या पाराशर, रश्मि तिवारी, डॉ वंदना मिश्र, जयश्री शर्मा, आशा मुंशी आरती तिवारी ने मालवी में तथा कविता मेहता और महिमा शुक्ला की सास बहू आधारित हास्य-व्यंग्य एवं फिल्मी धुनों पर प्रस्तुत पैरोडी ने सभी को खूब गुदगुदाया . इस अवसर पर डॉ . वंदना मिश्र मोहिनी% के उपन्यास केशव के कवर पेज का अनावरण भी हुआ . आयोजक निर्मला बागोरा ने बताया कि सरोकार साझा मंच का उद्देश्य महिलाओं को साहित्यिक मंच प्रदान करना है . कविता मेहता ने आभार व्यक्त किया .

ट्रैकिंग कैंप के लिए कैडेट निर्जला व अर्चना का चयन

इंदौर . एनसीसी ग्रुप इंदौर की 9एम पी बटालियन एनसीसी इंदौर के भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू की दो सीनियर डिवीजन कैडेट्स का चयन अमरकंटक ट्रैकिंग कैंप हेतु किया गया है . 9 एम पी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स को साहसिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए 17 से 24 2026 तक अमरकंटक ट्रैकिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है,जिसमें भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू की दो कैडेट्स निर्जला चौहान एवं अर्चना शाह का चयन किया गया है . कैडेट निर्जला चौहान एवं कैडेट अर्चना शाह के अमरकंटक ट्रैकिंग कैंप में चयन के लिए 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा, एडवोकेट निलेश पाटीदार ,मेजर डॉ संजय सोहनी,मेजर डॉ कृष्ण भूरिया तथा सूबेदार मेजर बृजेश कुमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं .

इंदौर पिपलियाहाना तालाब संरक्षण को लेकर रहवासी संघ सक्रिय

जल निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज़

इंदौर. इंदौर में पानी की समस्या और जल स्त्रोतों के संरक्षण को लेकर स्थानीय स्तर पर लगातार आवाज़ उठ रही है. इसी क्रम में पिपलियाहाना को बचाने के लिए बृजेश्वरी रहवासी संघ सक्रिय भूमिका निभा रहा है.

बृजेश्वरी रहवासी संघ के पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि तालाब तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था को लेकर नगर निगम द्वारा की गई पहल अधूरी और असंतुलित है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल प्रवाह के लिए केवल एक छोटी नाली का निर्माण कर औपचारिकता पूरी कर दी गई, जबकि वास्तविक आवश्यकता के अनुसार समुचित कैनाल व्यवस्था नहीं बनाई गई. रहवासियों के अनुसार, जिस क्षेत्र से पानी को तालाब तक पहुंचाया जाना है, वहां सड़क और आसपास की संरचनाएं लगभग डेढ़ से दो फीट ऊंची हैं. ऐसे में सामान्य जल निकासी से पानी का प्रवाह तालाब तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है. विशेषकर जहां मछली बाजार और अन्य गतिविधियां संचालित होती हैं, वहां ढाल और लेवलिंग की समस्या प्रमुख है. इस आंदोलन और प्रयास में मनीष शर्मा, अमित विजयवर्गीय, विष्णु शर्मा, यशवंत राठौर, अनिल जेठवानी, साक्षात शर्मा, डॉ. इंदु भान, डॉ. महेंद्र चौरसिया, नीलेश अग्रवाल,धीरज अग्रवाल , हेमंत शर्मा , नितिन दुबे,श्याम डांगी सहित कई स्थानीय निवासी सक्रिय रूप से शामिल है. स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर निगम इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए पिपलियाहाना तालाब के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए ठोस और वैज्ञानिक योजना लागू करे, ताकि आने वाले समय में जल संकट को कम किया जा सके.

दीवार और अवरोध पर भी आपत्ति

स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि तालाब के बीच में बनी एक दीवार को हटाने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है . इसके कारण जल संचयन और प्रवाह दोनों प्रभावित हो रहे हैं .

बोरवेल रिचार्ज पर प्रभाव

रहवासी संघ का मानना है कि यदि तालाब में सही ढंग से पानी पहुंचाया जाए, तो यह न केवल जल स्त्रोत को पुनर्जीवित करेगा बल्कि आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर को भी रिचार्ज करने में मदद करेगा.

इस मुद्दे पर मनीष शर्मा सहित कई स्थानीय प्रतिनिधियों का कहना है कि नगर निगम को केवल नाली निर्माण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूरे कैचमेंट एरिया और जल प्रवाह की तकनीकी समीक्षा करके स्थायी समाधान निकालना चाहिए।

चालान के दौरान विवाद : पुलिसकर्मी का धमकी देते वीडियो वायरल

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के बीच एक पुलिसकर्मी का युवक को धमकी देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. मामला अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है.

देर रात में पुलिस द्वारा नियमित जांच के दौरान एक युवक का मोटर व्हीकल एक्ट में चालान बनाया जा रहा था. इसी दौरान युवक और पुलिसकर्मी के बीच कहासुनी हो गई. विवाद बढ़ने पर युवक ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया. वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी युवक के साथ झूमाझटकी करता दिखाई दे रहा है और उसे दो बार जान से मारने की धमकी देता सुनाई पड़ रहा है. यह पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर फैल गया. मामले को लेकर एडीसीपी दिशेष अग्रवाल का कहना है कि युवक नशे की हालत में विवाद कर रहा था, जिसके चलते स्थिति बिगड़ी. हालांकि वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मी के व्यवहार और धमकी को लेकर उन्होंने स्पष्ट टिप्पणी नहीं की. घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं. अब देखना होगा कि वायरल वीडियो के आधार पर संबंधित पुलिसकर्मी पर क्या कार्रवाई होती है.

कलेक्टर-कमिश्नर ने लिया नीट परीक्षा तैयारियों का जायजा

इंदौर में 57 केंद्रों पर 23 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी होंगे शामिल
हर केंद्र पर सख्त सुरक्षा और गर्मी से राहत के इंतजाम

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में 21 जून को होने वाली नीट की पुनः परीक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट है. जिले में 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 23 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे. परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी.

तैयारियों का जायजा लेने पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और कलेक्टर शिवम वर्मा ने केंद्रीय विद्यालय सहित विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात और परीक्षार्थियों की सुविधाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. गर्मी को देखते हुए सभी केंद्रों पर पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था, ओआरएस, जनरेटर और मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं. एम्बुलेंस और व्हीलचेयर की भी व्यवस्था रहेगी. परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के लिए भी टेंट और पानी की व्यवस्था की जा रही है. सुरक्षा के लिहाज से हर केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहेगा और उड़नदस्ते लगातार निगरानी करेंगे. ट्रैफिक को सुचारू बनाए रखने के लिए भी विशेष प्लान तैयार किया है. अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं. मामले में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर कड़ा पुलिस पहरा रहेगा. किसी भी तरह की गड़बड़ी या अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

बसें भी उपलब्ध कराई जाएंगी

कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो.परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए एआईसीटीएसएल की बसें उपलब्ध कराई जाएंगी. प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से दूर रहने की अपील की है. परीक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-109 में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसकी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रहेंगी.

बुजुर्गों के सम्मान की परम्परा संस्कारित समाज का निर्माण करेगी

इन्दौर. समाज और परिवार में बुजुर्गों का स्थान उस माली की तरह होता है जो अपने बगीचे के प्रत्येक फूल और कली को बड़े जतन से सहेजता-संवारता और बड़ा करता है. जिस बगीचे में माली नहीं होता, वह बहुत जल्दी उजड़ जाता है.बुजुर्गों के सम्मान की परम्परा एक समृद्ध, शालीन और संस्कारित समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करेगी. सम्पत्ति के साथ हम अपने बच्चों को संस्कार भी सौंपकर जाएं, यही हमारा सबसे बड़ा संकल्प होना चाहिए।

ये विचार हैं वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल एवं देशभर से आए उन अतिथियों के, जिन्होंने अग्रसेन महासभा की मेजबानी में राजीव गाँधी चौराहा स्थित होटल सौलारिस पर आयोजित 81 वर्ष से अधिक आयु वाले 6 राज्यों के 81 वरिष्ठजनों के सामूहिक अमृत महोत्सव में व्यक्त किए. यह पहला अवसर था जब महासभा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल बंसल के सुझाव पर देशभर के इन बुजुर्गों को उनके परिजनों सहित इंदौर आमंत्रित कर उनका सामूहिक अमृत महोत्सव मनाया गया. इन सभी वरिष्ठजनों को महासभा की ओर से प्रशस्ति पत्र, उपहार, स्मृति चिन्ह एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. इस आयोजन को गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने विश्व कीर्तिमान के रूप में दर्ज किया और प्रमाण पत्र भेंट किया. प्रारम्भ में महासभा के अध्यक्ष राजेश जिंदल, सचिव अनूप सिंघल, संयोजक अरुण आष्टावाले, समन्वयक बद्री बंसल एवं राजेश बंसल आदि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।.इस अवसर पर देशभर के 6 राज्यों से आए 81 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचन्द गोयल के आतिथ्य में पहले महासभा फिर उनके परिजनों की ओर से भी सम्मान किया गया

थानों की रैंकिंग जारी : चंदन नगर नंबर-1, एमआईजी सबसे पीछे

मई माह के मूल्यांकन में कनाड़िया दूसरे, भंवरकुआं तीसरे स्थान पर

नवभारत न्यूज

इंदौर. पुलिस कमिश्नरेट ने मई माह के लिए थानों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन जारी किया है. इसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चंदन नगर थाना पहले स्थान पर रहा, जबकि एमआईजी थाना सबसे अंतिम स्थान पर रहा.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शुरू की गई इस प्रणाली के तहत शहर के सभी 32 थानों का मूल्यांकन तय मापदंडों पर किया. समीक्षा संबंधित जोन के डीसीपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने की. रैंकिंग में जोन 2 का कनाड़िया थाना दूसरे और जोन 4 का भंवरकुआं थाना तीसरे स्थान पर रहा. मूल्यांकन में थानों के कार्य निष्पादन, जनसंतुष्टि और आमजन के हित में किए गए नवाचारों को आधार बनाया. बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानों के स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा, वहीं कमजोर प्रदर्शन वाले थानों को सुधार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा. लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी. अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था के जरिए पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे.

मिलन समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान

इंदौर. श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ के तत्वावधान में केसर बाग रोड स्थित विट्ठल रुक्मणी गार्डन पर समाजसेवी राजेश गर्ग केटी एवं शिक्षाविद प्रो. डॉ. शंकरलाल गर्ग के मुख्य आतिथ्य में पारिवारिक स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल ने अतिथियों का परिचय दिया। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने महासभा की भावी योजनाएं और गतिविधियाँ बताई. अतिथियों ने इस मौके पर समाज बंधुओं को वर्षाकाल में पौधरोपण एवं ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों की सेवा का संकल्प दिलाया. इस अवसर पर संस्थापक ओमप्रकाश चायवाले, रत्नेश गोयल, प्रमुख सलाहकार राजेंद्र गर्ग समर्पण, पूर्व अध्यक्ष शिव गर्ग, सुरेश गुप्ता, संजय गोयनका, मार्गदर्शक ओमप्रकाश रेतवाले, श्रीमती अनिता ऐरन, महामंत्री विष्णु गोयल, संयोजक पिंकेश मोदी, कोषाध्यक्ष सीए मनीष अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष मुक्ति गोपाल अग्रवाल, सहमंत्री धर्मेन्द्र गर्ग एवं प्रचार मंत्री अभिषेक सोनथलिया के साथ कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों का सम्मान कर उन्हें प्रमाण पत्र एवं मंजूषा भेंट की एवं उनके माता-पिता का भी सम्मान किया। अतिथियों ने बच्चों को पौधरोपण एवं मूक परिंदों की सेवा करने का संकल्प दिलाया. आभार माना महामंत्री विष्णु गोयल ने.

परिचय सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

इंदौर. बापट चौराहा स्थित विश्वकर्मा पांचाल परिसर में श्री जिझौतिया ब्राह्मण समाज, इंदौर द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

मुख्य अतिथि विधायक रमेश मेंदोला ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक छात्र को 10,000 की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया. विशिष्ट अतिथि पार्षद पंडित मनोज मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया. कार्यक्रम का संचालन समाज की वरिष्ठ मातृशक्ति श्रीमती अनिता जोशी द्वारा किया गया. धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की. समारोह के समापन पर जितेन्द्र तिवारी एवं ओमप्रकाश जोशी ने सभी समाजबंधुओं, मातृशक्तियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया. सामाजिक एकता, प्रतिभा प्रोत्साहन एवं वैवाहिक परिचय के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा.

अवैध लकड़ी से भरा ट्रक जब्त वन विभाग की कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. वन विभाग ने अवैध रूप से लकड़ी परिवहन करते हुए एक वाहन को जब्त किया है. कार्रवाई 17 जून को मुखबिर की सूचना पर की गई.

वन मंडल अधिकारी लाल सुधाकर सिंह के मार्गदर्शन और वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता ठाकुर के निर्देशन में टीम ने एमओजी लाइन क्षेत्र में घेराबंदी कर अशोक लीलैंड वाहन एमपी 42 जी 2890 को रोका. तलाशी लेने पर वाहन में आरकाट प्रजाति की लकड़ी पाई गई. ड्राइवर राकेश निवासी लबरिया भेरू, इंदौर से पूछताछ में सामने आया कि वह लकड़ी देवगुराड़िया क्षेत्र से लेकर आ रहा था, लेकिन उसके पास किसी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं थे. वन विभाग ने मौके पर वाहन जब्त कर पीओआर प्रकरण दर्ज किया है. कार्रवाई में वनरक्षक आशीष कुशवाह, अमित तोमर और अमन मालवीय की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

एक नजर में | अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा इंदौर एवं राजपूत समाज ने महाराणा प्रताप जयंती पर किया आयोजन

केसरिया पताकाओं संग निकली शौर्य यात्रा, गूंजे जयकारे

इंदौर. अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा इंदौर एवं राजपूत समाज के विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं एवं महाराजा छत्रसाल की 377वीं जयंती पर शहर राजपूताना आन-बान-शान का गवाह बना. बड़ा गणपति चौराहा 'पत्थर को कर दे पानी, जय भवानी' और 'राणा' के जयकारों से गुंजायमान हो गया. शाम 7 बजे बड़ा गणपति से शुरू हुई शौर्य यात्रा में केसरिया पताकाएं लहरा रही थीं. पूरा मार्ग राजपूत शौर्य का नजारा पेश कर रहा था. यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सैकड़ों मंचों से भव्य स्वागत किया गया. अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा इंदौर के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि राजपूत समाज के विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में विगत 40 वर्षों से महाराणा प्रताप जयंती पर शौर्य यात्रा निकाली जा रही है. इस वर्ष आयोजन का 41वां वर्ष है. सामाजिक समरसता का संदेश देती यह यात्रा बड़ा गणपति, मल्हारगंज, गौराकुंड, खजूरी बाजार, राजबाड़ा, कृष्णपुरा छतरी होते हुए एमजी रोड बोलिया छतरी पर संपन्न हुई. बड़ा गणपति पर समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न समाजों के प्रमुखों की उपस्थिति रही. यात्रा में मुख्य रूप से विधायक गोलू शुक्ला ,अखिल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह परिहार, बड़वाह राजेंद्र सिंह सोलंकी, समाजसेवी सुरेश भदौरिया, नगर अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सोलंकी, पप्पू ठाकुर, गोविंद सिंह परिहार, दुले सिंह राठौर, दीपक राजपूत , मोहन सेंगर सहित मातृशक्ति में माला ठाकुर,नम्रता सिंह, सहित राजपूत समाज के गणमान्य जन मौजूद थे.

पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

इस वर्ष यात्रा में पर्यावरण संरक्षण को विशेष स्थान दिया गया . राजपूत समाज ने 'एक पेड़ वीर महापुरुषों के नाम' के तहत वृहद पौधारोपण और जल संरक्षण के लिए वाटर रिचार्जिंग का संकल्प लिया .